प्रेस विज्ञप्ति

01.09.21

गोरखनाथ ब्लड बैंक को नागरिक सुरक्षा गोरखपुर द्वारा सम्मानित किया गया।

गोरखनाथ ब्लड बैंक पूर्वांचल के साथ साथ पुरे उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस ब्लड बैंक कि भण्डारण क्षमता विशाल है यहाँ लगभग 1600 यूनिट पी. आर. बी. सी, 300यूनिट प्लेटलेट्स, 3000 यूनिट प्लाज्मा कि रख रखाव कि सुबिधा उपलब्ध है। लगभग प्रत्येक माह शहर मे बिभिन्न स्थानों पर रक्त दान शिविर का आयोजन भी होते रहता है। स्व रक्तदाताओं द्वारा किये गये रक्तदान से लगभग 400-500 यनिट रक्त एव रक्त अवयव प्रति माह बेसहारा रोगियों को बिना रक्तदान के दिया जाता है। ये जानकारी ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने दी।

नागरिक सुरक्षा के डिवीजनल वार्डेन कोतवाली विकास जालान ने ब्लड बैंक को प्रसस्ती पत्र दिया जिसे ब्लड बैंक प्रभारी डाक्टर अवधेश अग्रवाल ने प्रसन्नता पूर्वक ग्रहण किया जालान जी ने आगे कहा कि गोरखनाथ ब्लड बैंक मानवता के क्षेत्र मे अहम भूमिका का निर्वहन कर रहा है।उन्होंने ब्लड बैंक के कर्मचारियों को भी सम्मानित किया श्री अमित मिश्रा, राजीव तिवारी, शोभा राय, चंद्रेश्वर यादव, संदीप यादव,अभिषेक पाण्डेय, विकास मिश्रा, गुंजा इत्यादि को सम्मानित किया गया।